Rojgar with Ankit

* हिन्दी *

[Lecture-03]

# व्यंजन ⇒ जो वर्ण स्वरों की सहायता लेकर बोले जाते हैं। उन्हे व्यंजन कहते हैं।

* इन्हे अच् या हल् के नाम से भी जाना जाता है।

* इनकी संख्या 33 होती होती है।

२५ स्पर्श
4 ऊष्म
4 अन्तस्थ

* स्पर्श व्यंजन ⇒ "जिन वर्णों का उच्चारण हमारे शरीर के अंग को छूकर होता है।"

→ इनकी संख्या 25 होती है।

→ उच्चारण के आधार पर स्पर्श व्यंजन की संख्या २7 होती है।

→ इसमे २ द्विगुण/उत्क्षिप्त व्यंजन जोड़ दिये जाते हैं।

(i) कण्ठीय व्यंजन ⇒ जिन वर्णों का उच्चारण करने पर जीभ का पिछला हिस्सा हमारे कण्ठ को छूता है। उन्हे कण्ठीय व्यंजन कहते हैं।

जैसे - क, ख, ग, घ, ङ

ROJGAR With Ankit

(ii) तालुव्य व्यंजन ⇒ जिन वर्णों का उच्चारण तालु से होता है। तालुव्य व्यंजन कहते हैं।

जैसे - च, छ, ज, झ, ञ

(iii) मूर्धन्य व्यंजन ⇒ जिन वर्णों का उच्चारण मूर्धा से होता है। मूर्धन्य व्यंजन कहलाते हैं।

जैसे - ट, ठ, ड, ढ, ण

(iv) दन्तीय व्यंजन ⇒ जिन वर्णों का उच्चारण करने पर जीभ का अग्र भाग हमारे ऊपर के दांतों को स्पर्श करता है। उन्हे दन्तीय व्यंजन कहते हैं।

जैसे - त, थ, द, ध, न

(v) ओष्ठीय व्यंजन ⇒ जिन वर्णों का उच्चारण होंठो से होता है। उन्हें ओष्ठीय व्यंजन कहते हैं।

जैसे - प, फ, ब, भ, म

**Note** - नासिक्य व्यंजन - प्रत्येक वर्ग का 5वां अक्षर नासिक्य व्यंजन कहलाता है।

जैसे - ङ, ञ, ण, न, म

* अन्तस्थ: व्यंजन - जिन वर्णों का उच्चारण करने पर मुख से वायु तथा नाक से वायु की मात्रा कम निकले उन्हे अन्तस्थ: व्यंजन कहते हैं।

जैसे - य, व, र, ल

* ऊष्म व्यंजन ⇒ श, ष, स, ह

* संयुक्त व्यंजन ⇒ जो वर्ण दो विभिन्न वर्णों के योग से मिलकर बनते हैं उन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं इनकी संख्या 4 होती है।

जैसे - क्ष - क् + ष
त्र - त् + र
ज्ञ - ज् + ञ
श्र - श् + र

नोट ⇒ स्वर रहित व्यंजन जब स्वर सहित व्यंजन से जुड़ता है तब संयुक्ताक्षर बनता है।

# कुछ महत्वपूर्ण तथ्य -

कण्ठ्य व्यंजन - अः, ह
तालव्य व्यंजन - श, य
मूर्धन्य व्यंजन - ड़, ढ़, र, ष
दन्तीय व्यंजन - ल, स, ज
स्वरतन्त्रीय व्यंजन - ह
दन्तोष्ठ्य व्यंजन - व
संघर्षहीन व्यंजन - य, व
प्रकम्पित व्यंजन - र (लुण्ठित व्यंजन)
वर्त्स्य व्यंजन - न, स, र, ल, ज, ढ़, ड़

लुंठित व्यंजन ⇒ जिस व्यंजन के उच्चारण में जीभ की नोक वायु से रगड़ खाकर कांपती है। उसे लुंठित व्यंजन कहते हैं।
जैसे - र

अयोगवाह व्यंजन - अं अः
↓ ↓
अनुस्वार विसर्ग

पार्श्विक व्यंजन ⇒ जिन वर्णों के उच्चारण में जीभ श्वास वायु के मार्ग में खड़ी हो जाती है। तथा वायु उसके बगल से प्रवाह हो जाती है।
जैसे - ल

काकल्य व्यंजन ⇒ जिस व्यंजन ध्वनि के उच्चारण में मुख गुहा खुली रहती तथा वायु बन्द कण्ठ को खोलकर झटके से बाहर निकलती है। उसे काकल्य वर्ण कहते हैं।
जैसे - ह

उत्क्षिप्त व्यंजन ⇒ जिन वर्णों का उच्चारण करने पर जीभ ऊपर उठकर तुरन्त नीचे गिरती है। इसे द्विगुण व्यंजन कहते हैं।
जैसे - ड़, ढ़

द्वित्व व्यंजन ⇒ जब दो समान व्यंजनों के बीच कोई स्वर न हो तो उसे द्वित्व व्यंजन कहते हैं।

* घोषत्व के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण - 2

① घोष / सघोष व्यंजन ⇒ जिन वर्णों के उच्चारण स्वरतन्त्रिका में कम्पन्न हो।
प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवा तथा सभी स्वर, द्विगुण व्यंजन अन्तस्थः व्यंजन
ह, ज

क वर्ग – ग, घ, ङ
च वर्ग – ज, झ, ञ
ट वर्ग – ड, ढ, ण
त वर्ग – द, ध, न
प वर्ग – ब, भ, म

(ii) अघोष व्यंजन → जिन वर्णों का उच्चारण करने पर स्वरतन्त्रिका में कम्पन्न ना हो या केवल श्वास की आवश्यकता हो।

जैसे - प्रत्येक वर्ग का पहला दूसरा तथा श, ष स और फ

क वर्ग – क, ख
च वर्ग – च, छ
ट वर्ग – ट, ठ
त वर्ग – त, थ
प वर्ग – प, फ

* प्राणत्व के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण - 02

(i) अल्पप्राण व्यंजन → कम वायु बाहर निकले प्रत्येक वर्ग का निम्न वर्ण पहला, तीसरा, पांचवा एवं अन्तस्थ: व्यंजन और सभी स्वर, ड़ (31)

क वर्ग – क, ग, ङ
च वर्ग – च, ज, ञ
ट वर्ग – ट, ड, ण
त वर्ग – त, द, न
प वर्ग – प, ब, म

(ii) महाप्राण व्यंजन - अधिक वायु बाहर निकले
जैसे - प्रत्येक वर्ग का सम वर्ण
दूसरा, चौथा
और ऊष्म व्यंजन, ढ़ (15)

क वर्ग - ख घ
च वर्ग - छ, झ
ट वर्ग - ठ, ढ
त वर्ग - थ, ध
प वर्ग - फ, भ

# SCHOLAR BATCH हिंदी वर्णमाला (WORK SHEET)

1. 'र्+म' का रूप है?
(a) मृ (b) म्र (c) र्म (d) कोई नहीं

2. 'उद्यान' का शुद्ध वर्ण-विच्छेद है?
(a) उ+द+य+आ+न्+अ
(b) उ+द्+य+अ+न+अ
(c) उ+द्+य्+आ+न्+अ
(d) अ+द+य्+अ+न+अ

3. हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या है?
(a) 32 (b) 34 (c) 33 (d) 36

4. संयुक्त व्यंजन 'ज्ञ' बनता है?
(a) ग+ञ (b) ज्+ञ
(c) ग्+न (d) क्+ग

5. मूल स्वरों की संख्या कितनी होती है?
(a) 4 (b) 3 (c) 8 (d) 2

6. निम्नलिखित में पश्च स्वर कौन सा है?
(a) ऑ (b) अ (c) ई (d) ऐ

7. स्पर्श व्यंजनों की संख्या है?
(a) 11 (b) 25 (c) 23 (d) 21

8. दन्तोष्ठीय व्यंजन है?
(a) ह (b) ल (c) र (d) व्

9. ड़, ढ़, र, ष निम्नलिखित में से किस वर्ग में आयेंगे।
(a) कण्ठीय (b) तालुव्य
(c) मूर्धन्य (d) दन्तीय

10. जिन वर्णों का उच्चारण करने पर जीभ ऊपर उठकर तुरन्त नीचे गिरती है उसे कहते है?
(a) उत्क्षिप्त (b) द्वित्व
(c) संयुक्त (d) ऊष्म

11. निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ण महाप्राण है?
(a) ग (b) ज (c) ण (d) श

12. निम्नलिखित में से सघोष वर्ण है?
(a) श (b) छ (c) ट (d) ई

13. किन वर्णों को बीच की कढ़ी कहा जाता है।
(a) असंगत व्यंजन (b) आग़त व्यंजन
(c) दन्तीय व्यंजन (d) द्विगुण व्यंजन

14. मुख खुलने के आधार पर स्वर के कितने भेद होते है?
(a) 7 (b) 3 (c) 2 (d) 4

15. निम्नलिखित में विजातीय स्वर है?
(a) आ (b) अ (c) उ (d) ऐ

16. जिन स्वरों का निर्माण दो खण्ड के द्वारा हुआ है। उसे कहते है?
(a) मूल स्वर (b) संधि स्वर
(c) ह्रस्व स्वर (d) प्लुत स्वर

17. निम्नलिखित में वृत्तमुखी स्वर है?
(a) आ (b) अ (c) ई (d) ऊ

18. भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई है?
(a) ध्वनि (b) पद
(c) शब्द (d) वाक्य

19. हिन्दी शब्द की व्युत्पत्ति हुई है?
(a) फ्रांसीसियों द्वारा (b) पुर्तगालियों द्वारा
(c) ईरानियों द्वारा (d) जापानियों द्वारा

20. 'हिन्दी' शब्द मूलत: किस भाषा का है?
(a) अंग्रेजी (b) फारसी
(c) पुर्तगाली (d) चीनी

21. हिन्दी दिवस मनाया जाता है?
(a) 14 सितम्बर (b) 10 जनवरी
(b) 21 फरवरी (d) 14 अक्टूबर

22. हिन्दी उद्भव का सही क्रम है –
(a) संस्कृत-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत-अवहट्ट-हिन्दी
(b) संस्कृत-अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-अवहट्ट-हिन्दी
(c) संस्कृत-अवहट्ट-अपभ्रंश-प्राकृत-पालि-हिन्दी
(d) संस्कृत-पालि-प्राकृत-अपभ्रंश-अवहट्ट-हिन्दी

23. निम्नलिखित में से पार्श्विक ध्वनि कौन-सी है?
(a) ण (b) ल (c) य (d) श

24. हिन्दी स्वरों का वर्गीकरण जब जीभ के भाग के आधार पर किया जाता है तो निम्नलिखित में से कौन-सा भेद इसके अंतर्गत नहीं आएगा?
(a) अग्र स्वर (b) मध्य स्वर
(c) संवृत्त स्वर (d) पश्च स्वर

25. निम्नलिखित मे से कौन मूलदीर्घ स्वर नहीं है?
(a) आ (b) ई (c) ऊ (d) ऐ

26. अन्तस्थः और अर्ध्दस्वरों की संख्या है?
(a) 8 (b) 6 (c) 4 (d) 2

27. काकल्य वर्ण कौन-सा है?
(a) ह (b) ल (c) य (d) श

28. 'य' का उच्चारण स्थान है?
(a) कण्ठ्य (b) मूर्धन्य
(c) तालुव्य (d) दन्तीय

29. देवनागरी लिपि लिखी जाती है –
(a) दायीं ओर से दायीं ओर
(b) बायीं ओर से बायीं ओर
(c) दायीं ओर से बायीं ओर
(d) बायीं ओर से दायीं ओर

30. गान्धारी लिपि लिखी जाती है-
(a) दायीं ओर से दायीं ओर
(b) दायीं ओर से बायीं ओर
(c) बायीं ओर से बायीं ओर
(d) बायीं ओर से दायीं ओर

31. निम्नलिखित में से कौन सा मूल दीर्घ स्वर नहीं है?
(a) ओ (b) आ (c) ऊ (d) ई

32. हिन्दी में ध्वनियाँ कितने प्रकार की होती है?
(a) 4 (b) 6 (c) 2 (d) 8

33. मुख विवर के आधार पर स्वर के कितने भेद होते है?
(a) 4 (b) 3 (c) 2 (d) 5

34. उच्चारण के आधार पर वर्णों की संख्या कितनी होती है?
(a) 25 (b) 51 (c) 52 (d) 45

35. प्रकंपी वर्ण है?
(a) क (b) र (c) च (d) ग

36. निम्नलिखित में से प्राकृतिक स्वर है?
(a) अ (b) इ
(c) उ (d) उपर्युक्त सभी

37. जिस व्यंजन के उच्चारण के समय जीभ की नोक वायु से रगड़ खाकर कांपती है?
(a) लुंठित (b) महाप्राण
(c) पार्श्विक (d) ऊष्म

38. व्यंजनों के नीचे जो एक छोटी तिरछी लकीर दिखाई देती है, उसे हिन्दी में कहते है?
(a) लाईन (b) पूर्ण विराम
(c) हल् (d) मात्रा

39. निम्नलिखित में स्पर्श-सघंर्षी स्वर है?
(a) इ, ई (b) आ, अ
(c) उ, अ (d) ए, ई

40. निम्नलिखित में से द्विमात्रिक स्वर है?
(a) ई (b) आ
(c) औ (d) उपर्युक्त सभी

41. जिह्वा के आधार पर स्वर के कितने भेद है?
(a) तीन (b) दो (c) चार (d) पाँच

42. हिन्दी में लेखन के आधार पर कितने वर्ण है?
(a) 51 (b) 45 (c) 46 (d) 52

43. 'आषाढ़' शब्द में किस व्यंजन का प्रयोग हुआ है?
(a) संयुक्त व्यंजन (b) द्विगुण व्यंजन
(c) द्वित्व व्यंजन (d) अयोगवाह व्यंजन

44. अनुस्वार किसका कार्य करता है?

(a) विसर्ग का (b) चंद्रबिन्दु का
(c) पंचम वर्ण का (d) स्वर का

45. लिपि चिन्हों के क्रमबद्ध को क्या कहते है?
(a) अक्षर (b) वर्ण
(c) वर्ण-समूह (d) वर्णमाला

46. जिन ध्वनियों की गणना न स्वर में की जाती है न व्यंजन में उसे क्या कहते है?
(a) आगत (b) ऊष्म
(c) अंतस्थ (d) अयोगवाह

47. इनमें से कौन सी देवनागरी लिपि की वर्ण ध्वनि नहीं है?
(a) ग्रीवा ध्वनि (b) मूर्धा ध्वनि
(c) कंठ ध्वनि (d) दन्तोष्ठ्य

48. विसर्ग से बना शब्द कौन-सा है?
(a) नि:स्पृह (b) अध!
(c) द्वित्व (d) थोड़ा-सा

49. किस स्वर के उच्चारण में दीर्घ स्वर से भी अधिक समय लगता है?
(a) अनुस्वार (b) अनुनासिक
(c) ह्रस्व (d) प्लुत

50. प्रत्येक शब्द की वर्तनी के सभी वर्णों को उसी क्रम में अलग-अलग दिखाना क्या कहलाता है?
(a) वर्ण संयोजन (b) वर्ण-विच्छेद
(c) संधि (d) संधि-विच्छेद

51. निम्नलिखित में दीर्घ स्वर कौन सा है?
(a) आ (b) ओ (c) ए (d) इ

52. मध्य स्वर कहते है?
(a) उ (b) इ (c) ई (d) अ

53. उच्चारण के आधार पर स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी होती है?
(a) 25 (b) 27 (c) 24 (d) 8

54. निम्नलिखित में से कौन दीर्घ स्वर नहीं है?
(a) ऋ (b) ए (c) औ (d) ऐ

55. हिन्दी भाषा की कुल वर्ण लिपियाँ है?
(a) 44 (b) 33 (c) 52 (d) 33

56. निम्न में से अन्त:स्थ व्यंजन कौन – सा है?
(a) ग (b) ज (c) स (d) व

57. ऊष्म व्यंजन कौन-सा है?
(a) ल (b) ज (c) म (d) ह

58. निम्न में अल्पप्राण व्यंजन कौन-सा है?
(a) ख (b) ग (c) घ (d) ठ

59. इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि का उच्चारण किससे होता है?
(a) कंठ्य (b) मूर्धन्य
(c) तालव्य (d) ओष्ठ

60. जिनका उच्चारण स्वतंत्रता से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं उसे कहते है?
(a) संज्ञा (b) स्वर
(c) व्यंजन (d) विसर्ग

61. 'य' का उच्चारण स्थान है?
(a) ओष्ठय (b) दाँत (c) मूर्धा (d) तालु

62. उच्चारण के आधार पर स्वरों की संख्या कितनी होती है?
(a) 11 (b) 10 (c) 9 (d) 25

63. उत्पत्ति के आधार पर स्वर के भेद है?
(a) 3 (b) 4 (c) 2 (d) 5

64. वर्ण तालिका के अनुसार ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत क्या है?
(a) मात्रा (b) व्यंजन (c) स्वर (d) विसर्ग

65. दो व्यंजन जब एक साथ मिलते हैं जो क्या कहलाते है?
(a) संयुक्त व्यंजन (b) अल्पप्राण
(c) अंत:स्थ (d) महाप्राण

66. निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त स्वर नहीं है?
(a) ओ (b) ऐ (c) ए (d) ऊ

67. अर्द्ध विवृत्त स्वर है –
(a) ऊ (b) ऐ (c) आ (d) ए

68. जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए, तब वह क्या कहलाता है?
(a) युग्मक (b) संयुक्त
(c) संपृक्त (d) पारस्परिक

69. निम्नलिखित मे कौन प्राकृतिक स्वर नहीं है?
(a) अ (b) आ (c) उ (d) इ

70. जिन स्वरों के उच्चारण में जीभ का मध्य भाग कार्यरत होता है –
(a) अग्र स्वर (b) संयुक्त स्वर
(c) संपृक्त स्वर (d) मध्य स्वर

71. निम्नलिखित में किसे मूल दीर्घ स्वर कहते है?
(a) सजातीय स्वर (b) संयुक्त स्वर
(c) विजातीय स्वर (d) संवृत्त स्वर

72. भाषा-निर्माण की इकाइयों का सही अनुक्रम है?
(a) शब्द, ध्वनि, वाक्य, पद
(b) शब्द, वाक्य, ध्वनि, पद
(c) पद, वाक्य, ध्वनि, शब्द
(d) ध्वनि, शब्द, पद , वाक्य

73. शब्द बोलते समय अक्षर विशेष पर तथा वाक्य बोलते समय शब्द विशेष पर जो बल पड़ता है, उसे कहते है?
(a) अघोष (b) महाप्राण
(c) बलाघात (d) वर्ण

74. निम्नलिखित में द्वित्व व्यंजन वाला शब्द है?
(a) सन्त (b) सामाचार
(c) अड्डा (d) प्राण

75. ऋ को छोड़कर अं तथा अः के साथ सब स्वरों में परस्पर मिलाप को क्या कहते है?
(a) स्वराघात (b) बारहखड़ी
(c) अनुतान (d) कंठतालव्य

76. महाप्राण ध्वनियाँ व्यंजन-वर्ग में किससे सम्बन्धित है?
(a) पहला, दूसरा (b) दूसरा, तीसरा
(c) दूसरा, चौथा (d) पहला, चौथा

77. कौन वर्ण घोष नही है?
(a) र (b) त (c) ल (d) ड

78. 'वर्ण' शब्द का अर्थ नही होता है?
(a) रंग (b) आकाश
(c) जाति (d) अक्षर

79. 'दृग' का वर्ण विच्छेद है?
(a) द्+ऋ+ग्+अ (b) द्+र+उ+ग
(c) द्+ऋ+ग (d) द+र+अ+उ+ग+अ

80. निम्न में से कौन-सा वर्ण 'अघोष' है?
(a) ख (b) च
(c) ठ (d) उपर्युक्त सभी

81. 'श' ध्वनि का उच्चारण क्या है?
(a) दंत (b) मूर्द्धा
(c) स्पर्श-संघर्षी (d) कंठ

82. 'ञ' का उच्चारण स्थान होता है?
(a) नासिक्य (b) कंठौष्ठ्य
(c) मूर्धन्य (d) कंठतालव्य

83. कौन से शब्द में 'र' व्यंजन नही है?
(a) मात्र (b) मूर्धा
(c) क्रम (d) मातृभूमि

84. उ,ऊ,प,फ,ब,म का उच्चारण किससे होता है?
(a) कंठ्य से (b) मूर्धन्य से
(c) ओष्ठ से (d) तालुव्य से

85. वर्णमाला किसे कहते है?
(a) शब्द-समूह को
(b) वर्णों के व्यवस्थित समूह को
(c) शब्द-गणना को
(d) वर्णों के संकलन को

86. श,ष,स,ह निम्न में कैसे व्यंजन है?
(a) स्पर्श (b) नासिक्य
(c) संघर्षी (d) प्रकंपी

87. वर्णों के कितने भेद है?
(a) 10 (b) 11 (c) 2 (d) 3

88. 'ह्रस्व स्वर' का उदाहरण है?
(a) अ, इ, उ, ऐ (b) अ, ऐ, ऋ, उ
(c) अ, ई, उ, ऋ (d) अ, इ, उ, ऋ

89. भाषा की दृष्टि से 'ऊ' किस प्रकार का स्वर है?
(a) अग्र विवृत्त (b) पश्च संवृत
(c) पश्च निवृत (d) अग्र संवृत

90. 'श्र' वर्ण किन वर्णों के योग से बना है?
(a) क्+ष (b) ज्+ञ
(c) स्+र (d) श्+र

91. निम्नलिखित में से सजातीय स्वर है?
(a) इ (b) आ (c) औ (d) ए

92. निम्नलिखित व्यंजनों में से कौन-से व्यंजन का उच्चारण तालु से होता है?
(a) क (b) ढ (c) छ (d) म

93. हिन्दी स्वरों का वर्गीकरण जब जीभ के भाग के आधार पर किया जाता है तो निम्नलिखित में से कौन – सा भेद इसके अंतर्गत नहीं आएगा?
(a) अग्र स्वर (b) मध्य स्वर
(c) पश्च स्वर (d) विवृत स्वर

94. निम्नलिखित में से कौन-सा दीर्घ स्वर है?
(a) आ (b) उ (c) इ (d) ऋ

95. 'ट वर्ग' उच्चारण की दृष्टि से किस प्रकार की ध्वनि है?
(a) कंठ्य (b) तालव्य
(c) मूर्धन्य (d) दन्त्य

96. अन्तस्थ: और ऊष्म वर्ण कितने है?
(a) 6 (b) 8 (c) 9 (d) 10

97. लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं तथा जिस रूप में ये लिखे जाते हैं, उसे कहते है?
(a) स्वर (b) लिपि
(c) ध्वनि (d) व्यंजन

98. निम्नलिखित वर्गों में से कौन-सा 'मूर्धन्य' ध्वनियों का है?
(a) च, छ, ज, झ (b) ट, ठ, ड, ढ
(c) प, फ, ब, भ (d) त, थ, द, ध

99. हिन्दी की 'ब' ध्वनि है-
(a) दंत्य (b) ओष्ठ्य
(c) वत्स्र्य (d) तालव्य

100. स्पर्श व्यंजन, कंठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है-
(a) क (b) ग (c) ख (d) घ

101. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर 'संवृत्त' है?
(a) आ (b) औ (c) इ (d) ऐ

102. हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?
(a) श्र (b) छ (c) ज्ञ (d) क

103. निम्न में से 'महाप्राण' वर्ण है?
(a) थ (b) व (c) क (d) च

104. हिन्दी शब्दकोश में 'अं' व 'अ:' किस वर्ण के साथ आता है?
(a) औ (b) आ (c) अ: (d) अ

105. इनमें से कौन-सा वर्ण 'स्पर्श व्यंजन' नहीं है?
(a) क (b) च (c) ट (d) य

106. 'क्ष' वर्ण किसके योग से बना है?
(a) क्+ष (b) ग्+ष
(c) क+छ (d) क्+श

107. इनमें से कौन व्यंजन अल्पप्राण है?
(a) ख (b) थ (c) च (d) फ

108. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'अमात्रिक' है?
(a) कारखाना (b) अमिताभ
(c) कलरव (d) चहचहाना

109. 'घ' का उच्चारण स्थान कौन-सा है?
(a) मूर्धा (b) कण्ठ
(c) तालु (d) दन्त

110. निम्नलिखित मे से 'दंतव्य' वर्ण है?
(a) य् (b) च् (c) उ (d) त्

111. हिन्दी के जिन वर्णों का उच्चारण करते समय केवल श्वास का प्रयोग किया जाए उन वर्णों को कहते है?
(a) अघोष (b) सघोष
(c) अल्पप्राण (d) महाप्राण

112. निम्नलिखित हिन्दी वर्णों में से 'अयोगवाह' कौन-सा वर्ण है?
(a) उ,ऊ (b) अं, अः
(c) आ, ओ (d) ए, ऐ

113. निम्नलिखित वर्णों में कौन-सा वर्ण मूर्धन्य नहीं है?
(a) ज (b) ट (c) ड (d) ठ

114. निम्नलिखित में अर्ध्दविवृत स्वर है?
(a) ई (b) ऐ (c) ऊ (d) ओ

115. निम्नलिखित में से कौन सा अन्तस्थ व्यंजन है?
(a) ल (b) प (c) च (d) ट

116. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर कंठतालव्य है?
(a) ई (b) आ (c) औ (d) ए

117. प्लुत स्वर कौन-सा है?
(a) ओउम् (b) ओम्
(c) ओम (d) अउम

118. निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त स्वर नहीं है?
(a) ए (b) ऐ (c) ऊ (d) ओ

119. उच्चारण स्थान की दृष्टि से कौन-सा विकल्प शुद्ध है?
(a) स-दन्त्य (b) च-कंठ्य
(c) ष-तालव्य (d) श-मूर्धन्य

120. यदि दो समान व्यंजनों के बीच कोई स्वर न हो उसे कहते है?
(a) द्वित्व व्यंजन (b) अल्पप्राण
(c) अंतस्थ: व्यंजन (d) महाप्राण

121. निम्नलिखित में ओष्ठ्य वर्ण कौन-सा है?
(a) उ (b) आ (c) इ (d) अ

122. निम्नलिखित में से घोष वर्ण कौन-सा है?
(a) ज (b) क (c) च (d) ट

123. भाषा के बोलने में जो आरोह-अवरोह का क्रम होता है?
(a) मात्रिक (b) अनुतान
(c) काकल्य वर्ण (d) पारस्परिक ध्वनि

124. सभी महाप्राण वर्णों वाला वर्ग है?
(a) ख,छ,ठ (b) ध,च,ड
(c) म,श,ध (d) य,द,ध

# उत्तरकुंजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| C | C | C | B | A | A | B | D | C | A |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| D | D | A | D | D | B | D | C | C | B |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| A | D | B | C | D | B | A | C | D | B |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| A | C | A | D | B | D | A | C | A | D |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| A | D | B | C | D | D | A | A | D | B |
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| A | D | B | A | C | D | D | B | C | B |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| D | B | C | C | A | D | B | A | B | D |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| A | D | C | C | B | C | B | B | A | D |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| C | A | D | C | B | C | C | D | B | D |
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| B | C | D | A | C | B | B | B | B | C |
| 101 | 102 | 103 | 104 | 105 | 106 | 107 | 108 | 109 | 110 |
| C | D | A | D | D | A | C | C | B | D |
| 111 | 112 | 113 | 114 | 115 | 116 | 117 | 118 | 119 | 120 |
| A | B | A | B | A | D | A | C | A | A |
| 121 | 122 | 123 | 124 | | | | | | |
| A | A | B | A | | | | | | |